Date: - 11-Aug-2025

NOTIFICATION

HARYANA TALENT SEARCH EXAMINATION 2025

HKCL, हरियाणा राज्य में प्रतिभा को और ऊपर लाने के लिए राज्य में Haryana Talent Search Examination (HTSE) का आयोजन विगत कई वर्षों से कर रहा है। यह एक कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा है जिससे 5वीं कक्षा से 12वीं कक्षा तक स्कूल में पढ़ने वाले छात्र/छात्राएं भाग ले सकते हैं और अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन कर सकते हैं। इस योजना का उद्देश्य प्रतिभाशाली छात्रों की पहचान करना और उनकी प्रतिभा को एक मंच देना है और राज्य में प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च विद्यालय के छात्रों के बीच एक स्वस्थ और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा वातावरण बनाना है जिससे सभी श्रेणियों एवं प्रतिभावान छात्रों के बीच विश्वास बना के अभिनव विचारों को प्रेरित कर सकें।

यह प्रतियोगिता निम्नलिखित कक्षा श्रेणियों (4 Groups) मे आयोजित की जाएगी:

Group	Std./Class	Section-I	Section-II	Section-III
{A}	**5th & 6th Std.**	a. Science b. Mathematics	a. English Grammar b. Hindi Grammar	a. Mental Ability Test b. General Knowledge c. Basic Computer Knowledge
{B}	**7th & 8th Std.**	a. Science b. Social Science c. Mathematics	a. English Grammar b. Hindi Grammar	a. Mental Ability Test b. General Knowledge c. Basic Computer Knowledge
{C}	**9th & 10th Std.**	a. Science b. Social Science c. Mathematics	a. English Grammar b. Hindi Grammar	a. Mental Ability Test b. General Knowledge c. Basic Computer Knowledge
{D}	**11th & 12th Std.**	a. General Knowledge b. Basic Computer Knowledge	a. English Grammar b. Hindi Grammar	a. Reasoning Ability b. Quantitative Ability

Eligibility:

- इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छात्रों को Session 2025-26 में कक्षा 5th, 6th, 7th, 8th, 9th, 10th, 11th और 12th का छात्र होना अनिवार्य है।
- प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को किसी भी स्कूल का नियमित छात्र होना चाहिए।
- प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सभी छात्रों के पास आधार कार्ड/ स्कूल आई.डी या कोई भी फोटो आई.डी प्रूफ होना अनिवार्य है।

HTSE Schedule:

Event	Dates
Registration Period	2nd October 2025 to 05th November 2025
Exam Scheduling (Admit Card) Stage 1	**07th November 2025**
HTSE Stage 1 (Exam Date)	**10th November 2025 to 20th November 2025**
Result Declaration (Stage 1)	**22nd November 2025**
Exam Scheduling (Admit Card) Stage 2	**25th November 2025**
HTSE Stage 2 (Exam Date)	**27th November 2025 to 30th November 2025**
Final Result Declaration	**05th December 2025**
Prize Distribution	20th December 2025

*Kindly keep visiting HTSE website i.e., www.hkcl.in/htse for the latest updates

Fees

- Registration Fee (रजिस्ट्रेशन फीस) : 150/- रुपये।

Student Registration and Exam Process:

- यह परीक्षा 2 चरणों में आयोजित की जाएगी:

चरण 1:
पहले चरण की परीक्षा आप ऑनलाइन माध्यम से दे सकते हैं।

- Computer Based Online Exam
- 40 MCQ Questions
- Duration: 30 Minutes
- Medium: Hindi & English

चरण 2:
दूसरे चरण की परीक्षा HKCL के Authorized Learning Centre (ALC) में कंप्यूटर/लैपटॉप सिस्टम द्वारा ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की जायेगी।

- Computer Based Online Exam
- 80 MCQ Questions
- Duration: 60 Minutes
- Medium: Hindi & English

- इस प्रतियोगिता मे छात्रों को ऊपर दिए गये Syllabus के अनुसार ही प्रश्न पूछे जाएंगे।
- छात्र, नजदीकी केंद्र की जानकारी के लिए HKCL की website https://hkcl.in/htsc को विज़िट करें।
- छात्र इस प्रतियोगिता के लिए अपने नजदीकी HKCL के ALC केंद्र से संपर्क करें और अपना रजिस्ट्रेशन इस प्रतियोगिता के लिए सुनिश्चित करें ।

- छात्र इस प्रतियोगिता के लिए **Registration online** माध्यम से भी कर सकते है । जिसके लिए आप https://hkcl.in/htsc से ऑनलाइन फॉर्म भर सकते है।
- इस प्रतियोगिता के लिए छात्र अपना **Admit Card** (Stage 1) दिनाँक **7th November 2025** से ALC केंद्र से प्राप्त कर सकते है।
- इस प्रतियोगिता की परीक्षा (Stage 1) दिनाँक **10th November 2025 से 20th November 2025** तक आयोजित की जाएगी।
- Stage 1 Qualified छात्र अपना **Admit Card (Stage 2)** दिनाँक **25th November** 2025 से ALC केंद्र से प्राप्त कर सकते है।
- Stage 2 की प्रतियोगिता परीक्षा दिनाँक **27th November 2025 से 30th November 2025** तक आयोजित की जाएगी।
- Stage 1 के Exam सुबह 08.00 बजे से शाम 07.00 बजे तक आप ऑनलाइन माध्यम से दे सकते हैं।
- Stage 2 के Exam सुबह 08.00 बजे से शाम 06.00 बजे तक ALC मे उपलब्ध स्लॉट के अनुसार लिया जाएगा, इसके लिए छात्रों को ALC कोऑर्डिनेटर द्वारा समन्वय किया जायेगा।
- दिनांक 05-दिसंबर-2025 को इस प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया जाएगा, जिसे छात्र अपने Registered केंद्र मे जाकर प्राप्त कर सकते है , एवं https://hkcl.in/htse/result.php पर देख सकते है।

ध्यान देने के लिए महत्वपूर्ण बिंदु:

- Exam में कोई Negative Marking नहीं होगी।
- Question का उत्तर देने के लिए, candidates को सही उत्तर या सबसे उपयुक्त उत्तर के अनुसार एक option चुनना होगा।

However, if any anomaly or discrepancy is found after the process of challenges of the key verification, it shall be addressed in the following manner:

(i) सही उत्तर या सबसे उपयुक्त उत्तर: एक अंक (+1)
(ii) कोई भी गलत विकल्प चिन्हित करने पर शून्य अंक (0) मिलेगा
(iii) बिना उत्तर/बिना चिन्हित प्रश्न पर कोई अंक (0) नहीं मिलेगा
(iv) यदि एक से अधिक विकल्प सही पाए जाते हैं, तो उन सभी को एक अंक (+1) दिया जाएगा जिन्होंने किसी भी सही विकल्प को चिन्हित किया है
(v) यदि सभी विकल्प सही पाए जाते हैं, तो उन सभी को एक अंक (+1) दिया जाएगा जिन्होंने प्रश्न का प्रयास किया है
(vi) यदि कोई भी विकल्प सही नहीं पाया जाता या प्रश्न गलत पाया जाता है या प्रश्न को हटा दिया जाता है, तो सभी candidates जिन्होंने परीक्षा दी है, को एक अंक (+1) दिया जाएगा, चाहे उन्होंने प्रश्न का प्रयास किया हो या नहीं

Exam Centers of HTSE-2025

- HTSE के स्टेज 1 और स्टेज 2 के एग्जाम सेंटर हरियाणा के प्रत्येक जिले में स्थापित किए जाएंगे।
- हालांकि, किसी विशेष स्थान पर सेंटर बनाने का निर्णय उस स्थान के लिए उम्मीदवारों की संख्या पर निर्भर करेगा ।

Procedure to Resolve a Tie, (if any)

यदि HTSE-2025 में उम्मीदवारों के कुल अंक समान हैं, तो रैंकिंग प्रक्रिया में टाई को सुलझाने के लिए निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाई जाएगी :

(i) यदि दो आवेदकों के अंक समान हैं, तो Section 1 में अधिक अंक वाले उम्मीदवार को ऊपर रैंक दी जाएगी।
(ii) यदि Section 1 के अंक समान हैं, तो Section 2 में अधिक अंक वाले उम्मीदवार को टाई में प्राथमिकता मिलेगी।
(iii) यदि Section 1 और Section 2 के अंक समान हैं, तो Section 3 के अंक टाई को सुलझाएंगे।
(iv) यदि Section 1, 2 और 3 के अंक भी समान हैं, तो आवेदकों की जन्म तिथि पर विचार किया जाएगा। छोटी आयु के उम्मीदवार को ऊपर रैंक दी जाएगी।

स्टूडेंट्स रजिस्ट्रेशन प्रोसेस: Annexure – I.

Prizes:

- **राज्य स्तर :** हर Group (A, B, C & D) के Top 5 छात्रों को पुरस्कृत एवम् सम्मानित किया जायेगा। राज्य स्तर पर पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्रों को आकर्षक Cash Prize, मेडल और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया जायेगा और उनका नाम HKCL की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जायेगा और इन स्टूडेंट्स की चाहे वो स्टेट टॉपर हो या डिस्ट्रिक्ट टॉपर हो, उनकी HKCL के द्वारा काउंसलिंग की जाएगी।

- **Cash Prize इस प्रकार से रहेंगे:**
  - **First : ₹ 5100/-**
  - **Second : : ₹ 4100 /-**
  - **Third : ₹ 3100/-**
  - **Fourth : ₹ 2100/-**
  - **Fifth : ₹ 1100/-**

- **जिला स्तर :** हर Group (A, B, C & D) के Top 3 छात्रों को पुरस्कृत एवम् सम्मानित किया जायेगा। जिला स्तर पर पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्रों को आकर्षक Cash Prize, मेडल और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया जायेगा।

- **Cash Prize इस प्रकार से रहेंगे:**
  - **First : ₹ 500/-**
  - **Second : : ₹ 300/-**
  - **Third : ₹ 200/-**

- परीक्षा में सम्मलित सभी छात्रों को Participation का e-Certificate दिया जायेगा ।

Haryana Talent Search Examination, स्टूडेंट्स के लिए उनकी प्रतिभा एवं कौशल को दर्शाने के लिए एक सुनहरा अवसर है और HTSE, स्टूडेंट्स को राज्य स्तर पर एक स्वस्थ और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा के लिए अनुकूल वातावरण का मंच प्रदान करता है। ऐसी प्रतियोगिता स्टूडेंट्स के सामूहिक विकास में अहम भूमिका निभाती है और उन्हें उनके उज्जवल भविष्य निर्माण के लिए प्रेरित करता है।

संपर्क

अधिक जानकारी के लिए आप नीचे दिए गए फोन नंबर या ईमेल के माध्यम से संपर्क करें:
फोन 0172-5210278/270/280 (सोमवार से शुक्रवार, सुबह 9:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक)
ई मेल: info@hkcl.in, rahuls@hkcl.in.

Terms And Conditions

- हिंदी, सेमी इंग्लिश और इंग्लिश माध्यम के HBSE, CBSE, ICSE के 5वीं से 12वीं कक्षा के छात्र HKCL HTSE में भाग ले सकते हैं।
- छात्रों को ऑनलाइन परीक्षा के लिए HKCL, ALC (ऑथोराइज्ड लर्निंग सेंटर) से संपर्क करना होगा।
- एक छात्र अधिकतम एक ही परीक्षा दे सकता है और अधिकतम एक ही पुरस्कार के लिए विचार किया जाएगा।
- यदि कोई छात्र राज्य स्तर पर विजेता है, तो वह किसी भी जिला स्तर के पुरस्कार श्रेणी के लिए पात्र नहीं होगा और इसके विपरीत।
- एक छात्र किसी भी श्रेणी में अधिकतम 1 पुरस्कार राशि प्राप्त करने के लिए पात्र होगा ।
- HKCL भविष्य में विपणन और संचार उद्देश्यों के लिए प्रतिभागी छात्रों की जानकारी का उपयोग कर सकता है।

- HKCL 'HKCL HTSE' से संबंधित सभी अधिकार सुरक्षित रखता है।
- HKCL पूर्व सूचना के बिना HKCL HTSE से संबंधित पुरस्कार राशि, महत्वपूर्ण तिथियां, नियम और शर्तें और अन्य विवरण संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
- HKCL किसी भी संशोधन के लिए किसी के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।
- प्रत्येक कक्षा के छात्र केवल संबंधित समूह की परीक्षा देंगे। जैसे, 6वीं कक्षा के छात्र केवल ग्रुप A HTSE परीक्षा देंगे। यदि वह किसी अन्य समूह की परीक्षा देता है, तो उसके अंक अंतिम परिणाम में नहीं माने जाएंगे।
- हिंदी, सेमी-इंग्लिश और इंग्लिश माध्यम के छात्रों को एक ही स्तर पर माना जाएगा। सभी माध्यमों के लिए समान मेरिट मानदंड होंगे, पुरस्कार माध्यमवार घोषित नहीं किए जाएंगे।

*HKCL इस प्रतियोगिता के नियम और शर्तों को बिना पूर्व सूचना के संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और HKCL इन संशोधनों के लिए किसी के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

मैनेजिंग डायरेक्टर & सीईओ
हरियाणा नॉलेज कारपोरेशन लिमिटेड
पंचकुला, हरियाणा

"Annexure – I"

Student Registration Process